# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–10 फरवरी 2025 सान्ध्य समाचार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज प्रयागराज महाकुंभ के त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। उन्होंने गंगा, यमुना और सरस्वती नदी के संगम पर पूजा–अर्चना की। इस अवसर पर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि महाकुंभ में उमड़ी भारी भीड़ भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ मानवता को एकता और आध्यात्मिकता का संदेश देता है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट

**अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू नाव के द्वारा त्रिवेणी संगम पहुंची और साइबेरियन पक्षियों को दाना खिलाया। इसके बाद राष्ट्रपति ने प्रयागराज में अक्षय वट और बड़े हनुमान मंदिर का दर्शन किया। वहीं डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र के माध्यम से उन्होंने आधुनिक तकनीक के जरिए महाकुंभ की गहराई को भी समझा। 13 जनवरी से शुरू हुआ महाकुंभ का मेला 26 फरवरी तक चलेगा। और अब तक 44 करोड़ से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुके हैं। दीपेंद्र कुमार आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी आज अपने परिवार के साथ त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया। पवित्र स्नान के बाद उन्होंने कहा कि प्रयागराज दुनिया भर में लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है।

**********

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने माघी पूर्णिमा स्नान से पहले आज महाकुंभ क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों की व्यवस्थाओं का वर्चुअल अवलोकन किया। दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने महाकुंभ के लिए प्रयागराज शहर के आठ रेलवे स्टेशनों पर व्यापक व्यवस्था की है।

**प्रयागराज महाकुंभ के अवसर पे आठ स्टेशन्स पर बहुत अच्छे से रेलवे का व्यवस्थित तरीके से काम चल रहा है। राज्य प्रशासन के साथ मेला प्रशासन के साथ मिल के एकदम कोआर्डिनेटेड वे में चल रहा है। कल प्रयागराज जंक्शन से तीन सौ तीस गाड़ियां निकली हैं और आज भी बहुत ही व्यवस्थित तरीके से चल रहा है। कहीं पे कोई दिक्कत नहीं है। अगर कहीं पे कोई रिम्यूर्स फैलाने की कोशिश करे तो उसको नहीं सुनना है उस पे ध्यान नहीं देना है।**

रेल मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि जिला प्रशासन के अनुसार सिर्फ प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन पर इस महीने की चौदह तारीख तक यात्रियों की आवाजाही के लिए बंद रहेगा। हालांकि महाकुंभ मेला क्षेत्र के आसपास के अन्य आठ स्टेशनों से नियमित और विशेष ट्रेनें सुचारू रूप से चल रही हैं। प्रदेश सरकार के सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से भी स्पष्ट किया गया है कि महाकुंभ क्षेत्र के तहत आने वाले आठ स्टेशनों प्रयागराज छिवकी, नैनी, प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज, प्रयाग, फाफामऊ, प्रयागराज रामबाग और झूंसी से नियमित ट्रेने चलाई जा रही हैं।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली से देश भर के विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के आठवें संस्करण के दौरान संवाद किया । उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए इसे समग्र विकास के लिए जरूरी बताया। प्रधानमंत्री ने छात्रों को परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से उबरने के तरीके भी बताए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि छात्रों को परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अपनी पसंदीदा गतिविधियों में शामिल होना चाहिए। उन्होंने छात्रों को लिखने की आदत बनाए रखने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने पोषण और सेहत के महत्व पर भी प्रकाश डाला । उन्होंने अच्छी नींद और सुबह की धूप का महत्व बताया और बिना तनाव के परीक्षा की तैयारी करने पर जोर दिया।

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के आठवें संस्करण का प्रदेश के विभिन्न जिलों समेत वाराणसी जिले के भी कई स्कूलों में सीधा प्रसारण किया गया। वहां के पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज मल्दहिया की कक्षा बारहवीं की छात्रा एलिजा अंसारी ने आकाशवाणी से बातचीत में कहा कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का हिस्सा बनने से उन्हें बहुत ही उपयोगी जानकारियां मिली हैं।

***हमने अपने स्कूल में लाइव वो देखा। उमसें उन्होंने बहुत सारी यूजफुल चीजें बताईं। हमारे हेल्थ को लेकर वो कांशियस हैं, हमारी स्लीप को लेकर वो कांशियस हैं, हमारी डाइट को लेकर वो कांशियस हैं और उन्होंने हमे बताया कि हमे सूर्य नमस्कार करना चाहिए। सुबह सुबह हमे दस बार डीप ब्रीथ लेना चाहिए। इनवार्यनमेंट को लेकर उन्होंने काफी सारी चीजें बताईं।***

**********

प्रदेश के सभी जिलों में आज राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। इसके तहत आंगनबाड़ी में पंजीकृत और स्कूलों में पढ़ने वाले एक से उन्नीस वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पेट से कीड़े निकालने की दवा खिलाई गई। श्रावस्ती जिले में मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों को दवा खिला कर अभियान का शुभारंभ किया।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने कल पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं हल्के से लेकर मध्यम कोहरे की संभावना व्यक्त की है। विभाग के अनुसार इस हफ्ते भी मौसम शुष्क रहेगा। साथ ही बारह से चौदह फरवरी तक इस अंचल में तेज सतही हवा चलने की भी संभावना है।

**********